केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY
एकलव्य परिसर, (त्रिपुरा) – 799210
EKALAVYA CAMPUS, TRIPURA
(Established by an Act of Parliament)
Ministry of Education, Government of India
Accredited 'A++' Grade by NAAC

दिनांक / Date: 15.11.2026

कार्यालय आदेश / OFFICE ORDER - 264

परिसर में दिनांक 19.11.2026 से 21.11.2026 तक आयोजित होने वाले **'क्षेत्रीय युवा महोत्सव - 2026 (पूर्वी क्षेत्र-4)'** के भव्य, सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के निमित्त पधारने वाले मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों तथा अन्य आगन्तुकों के समुचित स्वागत एवं सत्कार हेतु **'स्वागत समिति'** का गठन तत्काल प्रभाव से किया जाता है। इस समिति का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	नाम एवं पदनाम	समिति में दायित्व
1.	प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, आचार्य एवं निदेशक	अध्यक्ष
2.	प्रो. बुलुसु पद्ममिश्र श्रीनिवास, आचार्य एवं अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा	संयोजक
3.	डॉ. उमेश चन्द्र मिश्र, सहाचार्य एवं अध्यक्ष, व्याकरणशास्त्र विद्याशाखा	सहसंयोजक
4.	डॉ. मनोज कुमार साहु, सहायकाचार्य एवं अध्यक्ष, धर्मशास्त्र विद्याशाखा	सदस्य
5.	डॉ. सुमन आचार्जी, सहायकाचार्य एवं समन्वयक आईक्यूएसी	समन्वयक
6.	डॉ. राघवेन्द्र पाठक, अतिथि प्राध्यापक एवं प्रभारी, संस्कृत साहित्य विद्याशाखा	सदस्य
7.	डॉ. सम्बित महापात्र, अतिथि प्राध्यापक, अद्वैत वेदान्त एवं आवास समिति सहसंयोजक	सदस्य
8.	डॉ. इतिश्री महापात्र, अतिथि प्राध्यापिका, धर्मशास्त्र विद्याशाखा एवं सह संयोजक, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति	सदस्य
9.	डॉ. उत्तम सिंह, अतिथि प्राध्यापक एवं प्रभारी बौद्धदर्शन विद्याशाखा	सदस्य
10.	राजीव घोष, अतिथि प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा एवं सहसंयोजक, क्रीड़ा समिति	सदस्य
11.	डॉ. सत्य स्वरूप बाजपेयी, अतिथि प्राध्यापक एवं प्रभारी ज्योतिषशास्त्र विद्याशाखा	सदस्य
12.	डॉ. आशिष मिश्र, अतिथि प्राध्यापक एवं प्रभारी वेदपौरोहित्यकर्मकाण्ड विद्याशाखा	सदस्य
13.	श्री चन्दन होता, अतिथि प्राध्यापक ज्योतिषशास्त्र विद्याशाखा एवं PA to Director	सहसमन्वयक
14.	श्री तापस कुमार नाथ, अनुभाग अधिकारी (संविदा)	सदस्य

स्वागत समिति के कार्यभार एवं विस्तृत दिशा-निर्देश:

1. **अतिथि स्वागत एवं अभिनन्दन:** महोत्सव के उद्घाटन सत्र, समापन सत्र एवं अन्य विशेष सांस्कृतिक/शैक्षणिक सत्रों में पधारने वाले मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों का पारम्परिक एवं गरिमामय स्वागत सुनिश्चित किया जाएगा।
2. **आगमन एवं प्रस्थान समन्वय:** आमंत्रित अतिथियों एवं निर्णायकों के परिसर में आगमन की पूर्व सूचना प्राप्त कर उनके स्वागत हेतु मुख्य द्वार से लेकर अतिथिगृह/अतिथिकक्ष/मुख्य मंच तक ले जाने की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

3. **विभागीय समन्वय:** समस्त विभागाध्यक्ष/विभाग संयोजक/विभाग प्रभारी अपने-अपने विभाग के प्राध्यापकों, कार्यक्रम संयोजको/सहसंयोजकों/समन्वयकों/सहसमन्वयकों एवं स्वयंसेवकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अतिथियों के सत्कार, बैठने की व्यवस्था एवं जलपान की देखरेख करेंगे।
4. **प्रशासनिक एवं लॉजिस्टिक सहयोग:** अनुभाग अधिकारी (प्रशासन एवं लेखा) मञ्च समिति समन्वयक डॉ. उमेश कुमार मिश्र महोदय से समन्वय करते हुए स्वागत सामग्री (पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिह्न, अंगवस्त्र आदि) की समय-पूर्व उपलब्धता एवं सम्बन्धित प्राशासनिक व्यवस्थाओं का समन्वय सुनिश्चित करेंगे।
5. **अन्य समितियों से तालमेल:** यह समिति मुख्य आयोजन समिति, आवास समिति, भोजन समिति, क्रीडा समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति एवं मंच व्यवस्था समिति के साथ प्रत्यक्ष तालमेल बनाकर कार्य करेगी, ताकि अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

18/11/2026

(प्रो. जी. सी. एस. नेगी / Prof. G.C.S. Negi)
निदेशक / Director

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. समस्त माननीय विभागाध्यक्ष/विभाग संयोजक/विभाग प्रभारी, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
2. संयोजक, क्षेत्रीय युवमहोत्सव-2026, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
3. युवमहोत्सव- 2026 से समबन्धित समितियों के समस्त संयोजक/सहसंयोजक/समन्वयक/सहसमन्वयक।
4. समन्वयक, आईक्यूएसी, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
5. पीआरओ एवं एपीएआरओ, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
6. अनुभाग अधिकारी (प्रशासन एवं लेखा), एकलव्य परिसर, अगरतला।
7. संपदा अधिकारी / अतिथिगृह प्रभारी, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
8. तकनीकी सहायक, एकलव्य परिसर (परिसर की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)।
9. निजी सहायक निदेशक
10. सम्बन्धित पत्रावली।

18/11/2026

निदेशक / Director